याव्वा जाव अहे सत्तमाए ॥ ३३ ॥ इमीसेण भंते ! रयणप्पहाए नेरइया अणतर वालुकप्रभा में जघन्य तीन सागरोपम उत्कृष्ट सात सागरोपम, पंकप्रभा में जघन्य सात सागरोपम उत्कृष्ट दश सागरोपम, धूम्रप्रभा में जघन्य दश सागरोपम उत्कृष्ट सत्तरह सागरोपम, तमःप्रभा में जघन्य सत्तरह सागरोपम उत्कृष्ट बावीस सागरोपम और तमस्तमःप्रभा में जघन्य बावीस सागरोपम उत्कृष्ट तेत्तीस सागरोपम अब साथों नरक के ४९ पाथडे की पृथक् २ स्थिति कहते हैं रत्नप्रभा पृथ्वी के पहिले पाथडे की जघन्य दश हजार वर्ष उत्कृष्ट ९० हजार वर्ष की दूसरे में जघन्य दश लाख वर्ष उत्कृष्ट ९० लाख वर्ष, तीसरे में जघन्य ९० लाख वर्षकी उत्कृष्ट पूर्व क्रोड वर्षकी, चौथे में जघन्य पूर्व क्रोड वर्ष उत्कृष्ट एक सागर के दश भाग कर वैसा एक भाग की, पांचवे में जघन्य सागरोपम का दशवा भाग उत्कृष्ट दो दशवा भाग, छठे में जघन्य सागरोपम का दो दशवा भाग उत्कृष्ट तीन दशवा भाग, सातवे में जघन्य तीन दशवा भाग उत्कृष्ट चार दशवा भाग, आठवे में जघन्य चार दशवा भाग उत्कृष्ट पांच दशवा भाग, नववे में जघन्य पांच दशवाभाग उत्कृष्ट छ दशवा भाग, दशवे में जघन्य छ दशवाभाग उत्कृष्ट सात दशवा भाग, इग्यारहवे में जघन्य सातदश भाग उत्कृष्ट आठदश भाग बारहवे में जघन्य आठदश भाग उत्कृष्ट नवदश भाग और तेरहवे पाथडेमें जघन्य एक सागरोपम के९दशवे भाग, उत्कृष्ट एक सागरोपमकी स्थिति है ऐसेही अन्यनरक में जितनी स्थिति होवे उसे जितने पाथडे होवे उतने से भागकर फिर प्रत्येक पाथडे में एक २भाग बढाते हुवे सब पाथड स्थिति कहना यों सब पृथ्वी में जानना जिस का यंत्र ॥ ३३ ॥ अहे

१

रत्नप्रभा १३ पाथडे		१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
जघन्य	सागर	१० हजार	१० लाख	९० लाख	क्रोड									
	विभाग	वर्ष	वर्ष	वर्ष	पूर्व	१/१	१/२	१/३	१/४	१/५	१/६	३/७	१/८	१/९
उत्कृष्ट	सागर	९० हजार	९० लाख	क्रोड पूर्व	०									
	विभाग	वर्ष	वर्ष		० १/१	१/२	१/३	१/४	१/५	१/६	१/७	१/८	१/९	१

२

सर्करप्रभा ११ पाथडे		१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११
जघन्य	सागर	१	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२
	विभाग	०	२	४	६	८	१०	१	३	५	७	९
उत्कृष्ट	सागर	१	१	१	१	१	२	२	२	२	२	३
	विभाग	२	४	६	८	१०	१	३	५	७	९	०

३

वालुक प्रभा ९ पाथडे		१	२	३	४	५	६	७	८	९
	सागर	३	३	३	४	४	५	५	६	६
जघन्य	विभाग	०	४/९	-/९	३/९	७/९	२/९	६/९	१/९	५/९
	सागर	३	३	४	४	५	५	६	६	७
उत्कृष्ट	विभाग	४/९	८/९	३/९	७/९	२/९	६/९	१/९	५/९	

४

पंक प्रभा ७ पाथडे		१	२	३	४	५	६	७
	सागर	७	७	७	८	८	९	९
जघन्य	विभाग	-	३/७	६/७	-/७	५/७	१/७	४/७
	सागर	७	७	८	८	९	९	१०
उत्कृष्ट	विभाग	३/७	६/७	२/७	५/७	१/७	४/७	

५

धूम्रप्रभा ५ पाथडे		१	२	३	४	५
जघन्य	सागर	१०	११	१२	१४	१५
	विभाग	०	२/५	४/५	१/५	३/५
उत्कृष्ट	सागर	११	१२	१४	१५	१७
	विभाग	२/५	४/५	१/५	३/५	०

६

तमःप्रभा ३ पाथडे		१	२	३
जघन्य	सागर	१७	१८	२०
	विभाग	०	२/३	१/३
उत्कृष्ट	सागर	१८	२०	२२
	विभाग	२/३	१/३	०

७

तमस्तमःप्रभा १ पा०
जघन्य सागर २२
उत्कृष्ट सागर ३३

उव्वट्टिय कहिं गच्छति कहिं उववजति किं नेरइएसु उववज्जति किं तिरिक्ख जोणिएसु उववजाति एवं उव्वट्टणा भाणियव्वा जहा वक्कंतिय तहा इहवि जाव अहे सत्तमाए ॥ १४ ॥ इमीसेणं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइया केरिसयं पुढवी फास पच्चणुब्भवमाणा विहरति ? गोयमा ! अणिट्ठं जाव अमणाम एवं जाव अहे सत्तमाए ॥ १५ ॥ इमीसेणं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए नेरइया केरिसय आउफास पच्चणुब्भवमाणा विहराते ? गोयमा ! अनिट्ठं जाव अमणाम एवं जाव अहे सत्तमाए एवं जाव वणस्सई फास अहे सत्तमाए पुढवीए ॥ १६ ॥ इमीसेणं भंते ! रयणप्पभा

भगवन् ! रत्नप्रभा नरक में से नारकी नीकलकर कहां जाते हैं कहां उत्पन्न होते हैं ? उत्तर—अहो गौतम ! जैसे उद्वर्तना व्युत्क्रांति (पन्नवणा) में कही, वैसे ही उद्वर्तना यहां कहना यों सातवी पृथ्वी पर्यंत कहना ॥ १४ ॥ अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नारकी कैसा स्पर्श का अनुभव करते हुए विचरते हैं ? अहो गौतम ! अनिष्ट यावत् अमणाम स्पर्श का अनुभव करते हुए विचरते हैं यों सातवी पृथ्वी तक जानना ॥ १५ ॥ अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नारकी कैसा अप्काया के स्पर्श का अनुभव करते हैं ? उत्तर—अहो गौतम ! अनिष्ट यावत् अमनाम अप्काया का स्पर्श करते हैं यों सातवी पृथ्वी पर्यंत कहना ऐसे ही वनस्पतिकाया के स्पर्श पर्यंत सातवी नरकी तक सब पृथ्वीयों में कहना ॥ १६ ॥ अहो भगवन् !

पुढवीए दोच्चं पुढविं पणिहाय सव्व महंतिया बाहल्लेणं सव्वखुड्डिया सव्वंतेसु ? हंता गोयमा ! इमीसेणं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए दोच्चपुढविं पणिहाए जाव सव्व खुड्डिय सव्वंतेसु? हंता गोयमा ! दोच्चाणं भंते ! पुढवी तच्च पुढवी पणिहाय सव्व महंतिया बाहल्लेणं पुच्छा? हंता गोयमा ! दोच्चाणं पुढवी जाव खुड्डिया सव्वंतेसु ॥ एवं एएणं अभिलावेणं जाव छट्ठिया पुढवी ॥ अहे सत्तमिं पुढविं पणिहाय जाव सव्वखुड्डिया सव्वंतेसु ॥ २७ ॥ इमीसेणं भंते ! रयणप्पभाए पुढवीए निरयपरिसामंतेसु जे पुढविक्काइया जाव वणस्सइकाइया तेणं भंते ! जीवा महाकम्मतरा चेव महा आसवतरा चेव महावेयण तरा चेव ? हंता गोयमा ! इमीसेणं रयणप्पभाए पुढवीए णिरयपरिसामंतेसु तहेव

यह रत्नप्रभा पृथ्वी दूसरी शर्कर प्रभा से लम्बाइ में क्या बडी है व चौडाइ में क्या छोटी है ? हां गौतम! वैसे ही है, क्यों कि रत्नप्रभा पृथ्वी का एक लाख अस्सी हजार योजन का पृथ्वी पिंड है, और शर्कर-प्रभा का एक लाख बत्तीस हजार योजन का पृथ्वी पिंड है और रत्नप्रभा पृथ्वी एक रज्जु की लम्बी चौडी है और शर्करप्रभा पृथ्वी दो रज्जु की लम्बी चौडी है यों इस अभिप्राय से छठी पृथ्वी तक कहना यावत् सातवी पृथ्वी की अपेक्षा छठी पृथ्वी लम्बाइ चौडाइ में सब से छोटी है ॥ २७ ॥ अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में जो पृथ्वीकायिक यावत् वनस्पति कायिक जीवों हैं वे क्या महा कर्म महा आश्रव

जाव महाकम्मतरा चेव महा आसवतरा- चेव एव जाव अहेसत्तमाए ॥ २८ ॥- इमीसेण भंते ! रयणप्पमाए पुढवीए तीसाए निरयावास सयसहस्सेसु एक्कमेक्कंसि निरयावासंसि सव्वेपाणा सव्वेभूया सव्वेजीवा सव्वेसत्ता पुढवीकाइयत्ताए जाव वणस्सइ काइयत्ताए नेरइयत्ताए उववन्नपुव्वा ? हंता गोयमा ! असइ अदुवा अणत खुत्तो, एव जाव अहे सत्तमाए पुढवी णवर जत्थ जत्तिया णरक ॥ गाहा ॥ पुढवी ओगाहित्ता नरगा सठाणमेव बाहल्ले विक्खभ परिक्खेवो वण्णो गधोय फासोय ॥ १ ॥ तेसिं महालयाए

व महा वेदनावाले क्या है ? हां गौतम ! वे भी वैसे ही है यों सातवी पृथ्वी तक कहना ॥ २८ ॥ अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी के तीस लाख नरकावास में के एक २ नरकावास में सब प्राण, भूत, जीव व सत्व पृथ्वीकायापने यावत् वनस्पतिकायापने क्या पहिले उत्पन्न हुए ? हां गौतम ! अनेक वार अथवा अनंतवार वे जीवों उत्पन्न हुए यों सातवी पृथ्वी तक के पृथ्वीकाया यावत् वनस्पतिकाया का जानना विशेष में जहां जितने नरकावास हैं वहां उतने कहना. अब गाथा का अर्थ करते हैं पृथ्वियों कितनी, पृथ्वी में अवगाह कर जो नरक स्थान हैं सो बतलाया, नरक का संस्थान, उस का जाडपना, चौडाइ, परिधि, वर्ण, गंध, रस, स्पर्श, नरक कितनी बडी है सो उपमा से बतलाए, जीव व पुद्गल

उवमा, देवेण होइ कायव्वा जीवाय पोग्गलावक्कमति, तहसासया निरया ॥ २ ॥ उववाय परिमाण, अवहारुच्चत्तमेव संघयण ॥ संठाण वण्ण गंधे फासे उसास माहारे ॥३॥ लेस्सा दिट्ठी णाणे जोगुवओगे तहा समुग्घाए ॥ तत्तोय खुप्पिवासा विउव्वणा वेयणायभए ॥ ४ ॥ उववाओ पुरिसाण उवम्मं वेयणाय दुविहाय ॥ ठिई उवट्टणा पुढवी उववाओ सव्व जीवाण ॥ ५ ॥ एयाओ संगहणिगाहाओ ॥ बीउद्देसो सम्मत्तो ॥ ४ ॥ २ ॥ * * * * *

इमीसेण भंते ! रयणप्पहाए पुढवीए नेरइया केरिसय पुग्गल परिणाम पच्चणुभव

नरक में उत्पन्न होते हैं, शाश्वत नरकावास, उपपात—एक समय में कितने नारकी उत्पन्न होते हैं और व यहां से उद्वर्तते हैं, नरकावास की ऊंचाइ, नारकी का संघयन, संस्थान, वर्ण, गंध, रस व स्पर्श, श्वासोश्वास, आहार, लेश्या, दृष्टि, ज्ञान, योग, उपयोग, समुद्घात, क्षुधा, तृषा, विकुर्वणा, वेदना, भय, पांच पुरुषों नीचे सातवी नरक में उत्पन्न हुए उन के दृष्टान्त, दो प्रकार की वेदना, स्थिति, उद्वर्तना, पृथव्यादिक के स्पर्श और सब जीवों का उत्पन्न होना इत्यादि कथन इस उद्देशे में कहा है॥ इस तरह नरक के अधिकार का दूसरा उद्देशा संपूर्ण हुआ ॥ ४ ॥ २ ॥

अहो भगवन् ! इस रत्नप्रभा पृथ्वी में नारकी कैसे पुद्गल परिणाम का अनुभव करते हुए विचरते हैं ?

णाणा विहरति ? गोयमा अणिट्ठ जाव अमणामे ॥ एवं जाव अहे सत्तमाए, एवं णेयव्वं पुग्गल परिणाम ॥गाहा॥ वेयणाय लेसाय णाम गोएय अरई॥भएय सोगे खुहा पिवासाय वाहीय ॥ १ ॥ उस्सासे अणुभावे कोहे माणेय माया लोभेय ॥ चत्तारिय सन्नाओ णेरइयाण तु परिणामा ॥ २ ॥ एत्थ किर अतिवतती नर वसभा केसवा जलयराय । रायाणो मंडलिया जेय महारंभ कोडुंबी ॥ ३ ॥ भिन्नमुहुत्तो नरएसु तिरिय मणुएसु होइ चत्तारि ॥ देवेसु अद्धमासो उक्कोस विउव्वणा भणिया ॥ ४ ॥ असुभा विउव्वणा, खलु नेरइयाणतु होइ सव्वेसिं ॥ सठाणं पिय तेसिं नियमा

अहो गौतम ! अनिष्ट यावत् अमणाम पुद्गल का अनुभव करते हुए विचर रहे हैं यों सातवी पृथ्वी पर्यंत कहना इस तरह वेदना, लेश्या, नामकर्म, गोत्र कर्म, अरति, भय, शोक, क्षुधा, तृषा, व्याधि, उश्वास, अनुताप, क्रोध, मान, माया, लोभ, आहार, मैथुन, परिग्रह, ये १४ बोल में जानना अब सातवी नरक में जो जीव उत्पन्न होते हैं उनका कथन करते हैं इस नरक में नरवृषभ केशव (वासुदेव) जलचर मत्स्य मंडलिक राजा कि जो महाआरंभ करनेवाले हैं, सौकरिक, (कसाई) कौटुम्बिक, ऐसे पुरुषों नरक में जाते हैं ॥३॥ अब उत्तर वैक्रेय का व्याख्यान करते हैं नेरीए का वैक्रेय किया अंतर्मुहूर्त तक रहे तिर्यंच मनुष्य का वैक्रेय किया चार अंतर्मुहूर्त तक रहे, और देवका उत्कृष्ट जिनका उत्तर वैक्रेय रहने का काल है॥४॥

हड तु णायव्व ॥ ५ ॥ जे पोग्गला अणिट्ठ, णियमा सो तेसिं होइ अहारो ॥ वेउव्वियं सरीर असंघयण हुंडसंठाण ॥ ६ ॥ असाओ (उप्पाओ) उववन्नो असाओ चेव जहइ निरयभव ॥ सव्वपुढवीसु जीवा, सव्वेसु ठिइविसेसेसु ॥ ७ ॥ उववाएण व साता, नरइओ देवकम्मुणावावि ॥ अज्झवसाणा निमित्त, अहवाकम्माणु भावेण ॥ ८ ॥ तेया कम्मसरीरा, सुहुमसरीराय जे अपज्जत्ता ॥ जीवेण विप्पमुक्का, वच्चंति सहस्ससोभेद ॥ ९ ॥ नरइयाणुप्पाओ, उक्कोस पचजोयण सयाइ ॥ दुक्खेण

सब नारकी को अशुभ विकुर्वणा कही है और उन का संस्थान भी हुंडक जानना ॥ ५ ॥ जो अनिष्ट पुद्गलों हैं उन का आहार नारकी का होता है वैक्रय शरीर होने से संघयन नहीं है और संस्थान हुंडक जानना ॥ ६ ॥ सब नारकी स्थिती में जीव असाता से उत्पन्न होवे और असाता से नरक भव का त्याग करे ॥ ७ ॥ कोइक नारकी का जीव अपने पूर्व भव के परिचित देव के प्रसंग से सुख पावे अथवा समद्दृष्टि होवे तो अध्यवसाय से भी सुख की प्राप्ति करे, अथवा कर्म के अनुभव से अर्थात् तीर्थंकर के जन्म दीक्षा, केवल ज्ञान इत्यादि कल्याण में प्रकाश होने से नारकी सुख का अनुभव करते हैं ॥ ८ ॥ नारीये के मृत्युकालमें तेजस और कार्माण शरीर बिना जो वैक्रय शरीर है वह सूक्ष्म नामकर्म के उदय से बिखर कर हजारों भेद (टुकडे) रूपवन बिखर जाता है ॥ ९ ॥ नारकी जघन्य एक गाउ उत्कृष्ट पांच सो गाउ पर्यंत ऊंचे उछलते हैं नारकी दुःख से भयभीत बने हुए हैं व सदसागम

मिदुयाण, वेयण सतत गाढाण ॥ १० ॥ अच्छिनमीलियमेत्त, नत्थिसुहं दुक्खमेव अणुबद्ध ॥ नरए नेरइयाण, अहोनिस पच्चमाणाण ॥ ११ ॥ अतिसीय अतिउण्ह, अइतण्हा अइखुहा अइभयच ॥ नरए नेरइयाण, दुक्खसताइं अविस्साम ॥ १२ ॥ एत्थय भिन्नमुहुत्तो, पुग्गल असुभायहोइ अस्साओ॥ उववाओउपाओ, अत्थि सरीराय नायव्वा (बोधव्वा) ॥१३॥ सेत नरइया॥तइओ नारय उद्देसओ सम्मत्तो ॥४॥३॥ से किंत तिरिक्खजोणिया ? तिरिक्खजोणिया पंचविहा पण्णत्ता तंजहा-एगिंदिय तिरिक्खजोणिया, बेइंदिय तिरिक्खजोणिया, तेइंदिय तिरिक्ख जोणिया, चउरिंदिय

वेदना सहित है ॥ १० ॥ नरक के जीवों को चक्षु टमकावे जितना भी दुःख नहीं है वे दुःख में ही रहे हुवे अहर्निश पचते रहते हैं ॥ ११ ॥ अति शीत, अति उष्णता, अति तृषा, अति क्षुधा, अति भय, ये सब प्रकार के दुःख नारकी को सदैव रहते हैं ॥ १२ ॥ उक्त सब गाथा का संक्षेप में अर्थ बताने के लिये संग्रहणी गाथा कहते हैं भिन्न मुहूर्त पुद्गल, अशुभ, वैक्रय, असाता, उपपात और आंखका टमकाना, यों इस उद्देशे के द्वारों जानना॥१३॥यह नारकीका तीसरा उद्देशा संपूर्ण हुवा॥४॥३॥

प्रश्न—तिर्यंच के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—तिर्यंच के पांच भेद कहे हैं तद्यथा—एकेन्द्रिय तिर्यंच

तिरिक्ख जोणिया पचेंदिय तिरिक्ख जोणिया ॥ १ ॥ से किंत एगिंदिय तिरिक्ख जोणिया? एगिंदिय तिरिक्ख जोणिया पंचविहा पण्णत्ता तंजहा-पुढविकाइय एगिंदिय तिरिक्ख जोणिया जाव वणस्सइ काइय एगिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेकिंत पुढविकाइय एगिंदिय तिरिक्खजोणिया? पुढविकाइय एगिंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तंजहा-सुहुम पुढविकाइया एगिंदिया तिरिक्ख जोणिया, बादर पुढविकाइया एगिंदिय तिरिक्ख जोणिया। से किं तं सुहुम पुढविकाइय एगिंदिय तिरिक्खजोणिया? सुहुम पुढविकाइय एगिंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तंजहा पज्जत्ता सुहुम पुढविकाइय एगिंदिय

बेइन्द्रिय तिर्यंच, तेइन्द्रिय तिर्यंच चतुरेन्द्रिय तिर्यंच व पंचेन्द्रिय तिर्यंच ॥ १ ॥ प्रश्न एकेन्द्रिय तिर्यंच के कितने भेद कहे हैं? उत्तर—एकेन्द्रिय तिर्यंच के पांच भेद कहे पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच यावत् वनस्पतिकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच प्रश्न—पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच के कितने भेद कहे हैं? उत्तर—पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच के दो भेद कहे हैं सूक्ष्म पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच व बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच, प्रश्न—सूक्ष्म पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच के कितने भेद कहे हैं? उत्तर—दो भेद कहे हैं पर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच व अपर्याप्त सूक्ष्म पृथ्वीकायिक

तिरिक्खजोणिया, अपज्जत्ता सुहुम पुढविकाइय एगिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेत्त सुहुम पुढविकाइया ॥ सेकिंत बादरपुढविकाइया ? बादरपुढविकाइया दुविहा पण्णत्ता तजहा पज्जत्ता बादरपुढविकाइया अपज्जत्ता बादरपुढविकाइया॥ से त्त बादरपुढविकाइया एगिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेत पुढविकाइया एगिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ २ ॥ सेकिंत आउकाइया एगिंदिय तिरिक्ख जोणिया ? आउकाइयाएकिंदिय तिरिक्ख जोणिया दुविहा पण्णत्ता एव जहेव पुढविकाइयाण तहेव चउभेदो ॥ एव जाव वणस्सइकाइया, सेत्त वणस्सइ काइया एगिंदिय तिरिक्खजोणिया॥२॥ सेकिंत बेइंदिय तिरिक्खजोणिया?

एकेन्द्रिय तिर्यंच यह सूक्ष्म पृथ्वीकाया के भेद हुए प्रश्न—बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय तिर्यंच के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—उन के दो भेद कहे हैं—पर्याप्त बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय व अपर्याप्त बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय यह बादर पृथ्वीकायिक एकेन्द्रिय का कथन कहा यह पृथ्वीकाया एकेन्द्रिय का वर्णन हुआ ॥ २ ॥ प्रश्न—अप्काया एकेन्द्रिय तिर्यंच के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—उस के दो भेद कहे हैं जैसे पृथ्वीकाया के चार भेद कहे वैसे ही अप्काया के चार भेद कहना ऐसे ही तेउकाया, वायुकाया व वनस्पतिकाया के भेद जानना ॥ २ ॥ प्रश्न—बेइन्द्रिय तिर्यंच के कितने

बेइंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तंजहा—पज्जत्त बेइंदिय तिरिक्खजोणिया अपज्जत्त बेइंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेत्त बेइंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ एवं जाव चउरिंदिया ॥ ४ ॥ सेकिंत पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ? पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया तिविहा पण्णत्ता तंजहा जलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया, थलयर पचेंदिय तिरिक्ख जोणिया, खहयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेकिंत जलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया ? जलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तंजहा—समुच्छिम जलचर पचेंदिय तिरिक्खजोणियाय, गब्भवक्कंतिय जलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणियाय ॥ से किंत समुच्छिम जलचर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया ? समुच्छिम जलयर पचेंदिय

भेद कहे हैं ? उत्तर—दो भेद कहे हैं पर्याप्त बेइन्द्रिय तिर्यंच और अपर्याप्त बेइन्द्रिय तिर्यंच ऐसे ही चतुरेन्द्रिय पर्यंत दो २ भेद कहना ॥ ४ ॥ प्रश्न—तिर्यंच पचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—अहो गौतम ! तिर्यंच पचेन्द्रिय के तीन भेद कहे हैं तद्यथा—जलचर, स्थलचर व खेचर प्रश्न—जलचर के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—जलचर के दो भेद कहे हैं समूर्च्छिम जलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय व गर्भज जलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय समूर्च्छिम जलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय की पृच्छा, उत्तर—दो भेद कहे हैं पर्याप्त समूर्च्छिम जलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय व अपर्याप्त समूर्च्छिम जलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय प्रश्न—गर्भज जलचर

तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तजहा—पज्जत्तग समुच्छिम जलचर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया, अपज्जत्तग समुच्छिम जलचर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेत्त समुच्छिम पचइंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ से किंत गब्भवक्कतिया जलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया ? गब्भवक्कतिय जलयर पचेंइदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तजहा पज्जत्तग गब्भवक्कतिय जलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया अपज्जत्त गब्भवक्कतिय जलयर तिरिक्खजोणिया ॥ सेकिंत थलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया ? थलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तजहा—चउप्पय थलयर पचिंदिय तिरिक्ख-जोणिया, परिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिय ॥ सेकिंत चउप्पय थलयर पचें-

तिर्यंच पचेन्द्रिय के, कितने भेद कहे हैं ? उत्तर दो भेद—पर्याप्त गर्भज जलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय व अपर्याप्त गर्भज जलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय यह जलचर तिर्यंच पंचेन्द्रियका कथन हुवा प्रश्न-स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय के दो भेद कहे हैं यथा-चतुष्पद स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय व परिसर्प स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय प्रश्न—चतुष्पद स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—चतुष्पद स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के दो भेद कहे हैं, संमूर्छिम चतुष्पद स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय और गर्भज स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय संमूर्छिम स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के दो भेद—पर्याप्त

दिय तिरिक्खजोणिया ? चउप्पय थलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तजहा—समुच्छिम चउप्पय थलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया, गब्भवक्कतिय चउप्पय थलयर पचेंदिय तिरिक्खजोणिया,जहव जलयराण तहेव चउक्कओ भेदो,सेत्त चउप्पय थलयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ से किं त परिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया ? परिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तजहा-उरपरिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया, भुयपरिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ से किं त उरपरिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया ? उरपरिसप्पा दुविहा पण्णत्ता जहेव जलयराण तहेव चउक्कओ भेओ,एव भुयपरिसप्पाणवि भाणियव्वा [1] ॥ सेत्त भुयगपरिसप्प थलयर पचिंदिय तिरिक्खजोणिया, सेत्त

व अपर्याप्त ऐसे ही गर्भज के दो भेद मीलाकर चार भेद जानना यह चतुष्पद स्थलचर का कथन हुवा प्रश्न—परिसर्प स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—इस के दो भेद कहे हैं—उरपरिसर्प स्थलचर और भुज परिसर्प स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय प्रश्न—उरपरिसर्प स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—उरपरिसर्प स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय के दो भेद कहे हैं—समु-

थलयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ सेकिंत खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ? खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तंजहा—समुच्छिम खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया, गब्भवक्कंतिय खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ से किंत समुच्छिम खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ? समुच्छिम खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया दुविहा पण्णत्ता तंजहा-पज्जत्तग समुच्छिम खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया, अपज्जत्त समुच्छिम खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणिया ॥ एवं गब्भवक्कंतियावि जाव पज्जत्तग गब्भवक्कंतिया अपज्जत्तग गब्भवक्कंतियावि ॥ ४ ॥ खहयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणियाणं भंते !

च्छिम व गर्भज इन दोनों के पर्याप्त व अपर्याप्त ऐसे चार भेद मानना ऐसे ही भुजपरिसर्प का कहना यों स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय का कथन हुवा॥ प्रश्न—खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं? उत्तर—खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के दो भेद कहे हैं-समूर्च्छिम व गर्भज प्रश्न—संमूर्च्छिम खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय के कितने भेद कहे हैं ? उत्तर—उस के दो भेद कहे हैं पर्याप्त व अपर्याप्त ऐसे ही गर्भज खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय का जानना॥ ४ ॥ प्रश्न—खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय का कितने प्रकार का [illegible]

कइविहे जोणिसगहे पण्णत्ते ? गोयमा ! तिविहे जोणिसगहे पण्णत्ते तजहा अडया पोयया समुच्छिमा ॥ अडया तिविहा पण्णत्ता तजहा-इत्थी पुरिसा नपुसका। पोयया तिविहा प० त० इत्थी पुरिसा णपुसया ॥ तत्थण जेते समुच्छिमा ते सव्वे नपुसगा ॥ तेसिण भते ! जीवाण कइलेस्साओ पण्णत्ताओ ? गोयमा ! छलेस्साओ पण्णत्ताओ तजहा-कण्हलेस्सा जाव सुक्कलेस्सा ॥ तेण भते ! जीवा किं सम्मदिट्ठि मिच्छदिट्ठि सम्मामिच्छादिट्ठि ? गोयमा ! सम्मादिट्ठीवि मिच्छादिट्ठीवि सम्मामिच्छादिट्ठीवि॥तेण भते!जीवा किं नाणि अन्नाणि?गोयमा!नाणीवि अन्नाणीवि, तिन्नि

उत्तर—तीन प्रकार का योनि संग्रह कहा है १ अंडज अंड में से उत्पन्न होवे २ पोतज थेली से उत्पन्न होवे और ३ समूर्च्छिम उन में से अंडज के तीन भेद, स्त्री, पुरुष व नपुसक पोतज के तीन भेद स्त्री, पुरुष व नपुसक और जो समूर्च्छिम होते हैं वे नपुसक ही होते हैं अहो भगवन् ! उन जीवों को कितनी लेश्याओं कही है ? अहो गौतम ! छ लेश्याओं कही हैं कृष्ण, नील यावत् शुक्ल लेश्या अहो भगवन् ! वे जीवों क्या समदृष्टि हैं मिथ्यादृष्टि है या समामिथ्यादृष्टि हैं ? उत्तर अहो गौतम ! समदृष्टि व समामिथ्या दृष्टि हैं अहो भगवन् ! वे जीवों क्या ज्ञानी हैं या अज्ञानी हैं ? अहो गौतम ! वे जीवों ज्ञानी व अज्ञानी

नाणाइ तिन्नि अन्नाणाइ भयणाए जहा दुविहेसु गब्भवक्कंतियाण ॥ तेण भंते ! जीवा किं मणजोगी, वयजोगी, कायजोगी ? गोयमा ! तिविहावि ॥ तेण भंते ! जीवा किं सागारोवउत्ता अणागारोवउत्ता ? गोयमा ! सागारोवउत्तावि अणागारोवउत्तावि ॥ तेण भंते ! जीवा कओहिंतो उववज्जति किं नेरइएहिंतो उववज्जति तिरिक्खजोणिएहिंतो उववज्जति पुच्छा ? गोयमा ! असंखेज्जवासाउय अकम्मभूमग अंतरदीवग वज्जेहिं उववज्जति ॥ तेसिणं भंते ! जीवाण केवइय कालठिई पण्णत्ता ? गोयमा ! जहन्नेण अंतोमुहुत्त उक्कोसेण पलिओवमस्स असंखेज्जइ भाग ॥ तेसिण भंते ! जीवाण

दोनों हैं ज्ञान में तीन ज्ञान व अज्ञान में तीन अज्ञान की भजना है अहो भगवन् ! वे जीवों क्या मन योगी, वचन योगी व काययोगी हैं ? अहो गौतम ! तीनों प्रकार के योग कहे हैं अहो भगवन् ! वे जीवों क्या साकारोपयुक्त है या अनाकारोपयुक्त है ? अहो गौतम ! साकार व अनाकार दोनों उपयोगयुक्त हैं अहो भगवन् ! वे जीवों कहां से उत्पन्न होते हैं ? क्या नरक में से, तिर्यंच में से वगैरह पृच्छा, अहो गौतम ! असंख्यात वर्ष के आयुष्य वाले युगलिये व अंतरद्वीप के युगलिये वर्जकर अन्य सब गति के जीव उत्पन्न होते हैं अहो भगवन् ! उन जीवों की कितनी स्थिति कही है ? अहो गौतम ! उनकी जघन्य

कइ समुग्धाया पण्णत्ता ? गोयमा ! पंचसमुग्धाया पण्णत्ता तंजहा वेयणा समुग्घाए जाव तेया समुग्घाए ॥ तेणं भंते ! जीवा मारणंतिय समुग्घाएणं किं समोहता मरंति असमोहता मरंति ? गोयमा ! समोहयावि मरंति असमोहयावि मरंति ॥ तेणं भंते ! जीवा अणंतरं उव्वट्टिता कहिं गच्छंति किं नरइएसु उववज्जंति पुच्छा ? गोयमा ! एवं उवट्टणा भाणियव्वा जहा वक्कंतिए तहेव ॥ तेसिणं भंते ! जीवाणं कइ जाई कुलकोडी जोणिपमुह सयसहस्सा पण्णत्ता ? गोयमा ! बारसजाइ कुलकोडि जोणिपमुह सयसहस्साइ ॥ ५ ॥ भुयगपरिसप्प थलयर पंचिंदिय तिरि-

अन्तर्मुहूर्त उत्कृष्ट पल्योपम का असंख्यातवा भाग की स्थिति कही अहो भगवन् ! उन जीवों को कितनी समुद्घात कही ? अहो गौतम ! पांच समुद्घात कही तद्यथा-वेदना, कषाय, मारणांति, वैक्रेय व तेजस अहो भगवन् ! वे क्या समोहया मरण मरते हैं या असमोहता मरण मरते हैं ? अहो गौतम ! वे समोहता व असमोहता ऐसे दोनों प्रकार के मरण मरते हैं अहो भगवन् ! वे वहां से नीकलकर कहां जाते हैं कहां उत्पन्न होते हैं ? अहो गौतम ! उत्पत्ति जैसे उद्वर्तना कहना अहो भगवन् ! उन जीवों की कितनी कुलकोडी कही है ? अहो गौतम ! उन की बारह लाख योनि प्रमुख कुल कोडी कही हैं ॥ ६ ॥

क्खजोणियाणं भंते ! कइविहे जोणिसंगहे पण्णत्ते ? गोयमा ! तिविहे जोणिसंगहे पण्णत्ते तंजहा- अंडया पोयया समुच्छिमा ॥ एवं जहा खहयराणं तहेव णाणत्तं जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं उक्कोसेणं पुव्वकोडी, उव्वट्टित्ता दोच्चं पुढविं गच्छइ, णवजाइ कुलकोडी जोणिप्पमुह सयसहस्सा भवंतितिमक्खाया, सेसं तहेव ॥ ६ ॥ उरग परिसप्प थलयर पंचिंदिय तिरिक्खजोणियाणं भंते ! पुच्छा ? जहेव भुयग परिसप्पाणं तहेव णवरं ठिई जहण्णेणं अंतोमुहुत्तं, उक्कोसेणं पुव्वकोडी उव्वट्टित्ता जाव पंचमिं पुढविं गच्छइ, दसजाई कुलकोडी ॥ ७ ॥ चउप्पय थलयर पंचिंदिय

अहो भगवन् ! भुजपरिसर्प चतुष्पद स्थलचर तिर्यंच को कितने प्रकार का योनिसंग्रह कहा है ? अहो गौतम ! तीन प्रकार का योनि संग्रह कहा है, अंडज, पोतज व संमूर्च्छिम इस का सब कथन खेचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय जैसे कहना विशेष में स्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट पूर्व क्रोड वर्ष वहां से नीकलकर दूसरी नरक तक जाते हैं इस की नव लाख कुल कोडी कही है ॥ ६ ॥ उरपरिसर्प स्थलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय का भुजपरिसर्प स्थलचर पंचेन्द्रिय जैसे कहना परंतु स्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट पूर्व क्रोड वर्ष, वहां से नीकलकर पांचवी नरक तक जाते हैं इस की दश लाख कुल क्रोड कही है ॥ ७ ॥

तिरिक्खजोणियाण पुच्छा ? गोयमा ! दुविहा पण्णत्ता तजहा जराओया समुच्छिमया ॥ जराओया तिविहा पण्णत्ता तजहा-इत्थी पुरिसा नपुसका ॥ तत्थण ज ते समुच्छिमा ते सव्वे णपुसका ॥ तेसिण भते ! जीवाण कइ लेस्साओ पन्नत्ताओ? सेस जहा पक्खीण, णाणत्त ठिई जहण्णेण अतोमुहुत्त उक्कोसेण तिण्णि पलिओवमाइ उव्वट्टिता, चउत्थ पुढवि गच्छति, दस जाई कुलकोडी ॥८॥ जलयर पंचिदिय तिरिक्खजोणियाण भते ! पुच्छा ? जहा भुयगपरिसप्पाण,णवर उव्वट्टित्ता जाव अहेसत्तमि, पुढवि अद्ध तेरसजाइ कुलकोडी जोणिय पमुह जाव पण्णत्ता

चतुष्पद स्थलचर तिर्यंच पचेन्द्रिय की पृच्छा, ? अहो गौतम ! दो प्रकार का योनि संग्रह कहा है १ जरायुज अंड से उत्पन्न होवे और २ संमूर्च्छिम इन में से जरायुज के तीन भेद स्त्री, पुरुष व नपुसक और समूर्च्छिम सब नपुसक हैं अहो भगवन् ! उन को कितनी लेश्याओं कही है ? अहो गौतम ! जैसे खेचर का कहा वैसे ही जानना विशेष में स्थिति जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट तीन पल्योपम, वहां से नीकलकर चौथी नारकी तक उत्पन्न होवे हैं इस की कुल कोडी दश लाख है ॥ ८ ॥ जलचर तिर्यंच पंचेन्द्रिय का भुजपरिसर्प जैसे जानना विशेष में इन में से नीकला हुआ नीचे सातवी पृथ्वी तक जाता है साढे बारह लाख कुल कोडी है ॥ ९ ॥ अहो भगवन् ! चतुरेन्द्रिय की कितनी कुल कोडी कही

॥ ९ ॥ चउरिंदियाणं भंते ! केइजाइ कुलकोडी जोणी पमुह सयसहस्सा पण्णत्ता ? गोयमा ! नवजाई कुलकोडी जोणिपमुह सयसहस्सा जाव समक्खाया ॥ तेइंदियाणं पुच्छा ? गोयमा ! अट्ठजाइकुल जाव समक्खाया ॥ बेइंदियाणं भंते ! केइ जाइ पुच्छा ? गोयमा ! सत्तजाइ कुलकोडी जोणिपमुह सयसहस्सा ॥ १० ॥ कइणं भंते ! गंधगा पण्णत्ता, कइणं भंते ! गंधसया ? गोयमा ! सत्तगंधगा सत्तगंधसया

है ? अहो गौतम ! नव लाख कुल क्रोडी कही है तेइन्द्रिय की पृच्छा, ? अहो गौतम ! आठ लाख कुल क्रोड, बेइन्द्रिय की कितनी कुल क्रोड कही है ? अहो गौतम ! सात लाख कुल क्रोड कही है ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! गंधांग [गंध के अंग] कितने कहे हैं व गंधांग शत कितने कहे हैं ? अहो गौतम ! सात गंधांग व सात गंधांगशत कहे हैं अब गंधांग जाति के भेद कहते हैं १ मूल, २ त्वचा, ३ काष्ट, निर्यास, ४ रस, ५ पत्र, ६ पुष्प, ७ फल इन में मूल, अर्थात् मोथवाला, २ त्वचा अर्थात् सुवर्णछाल ३ काष्ट अर्थात् चंदन अगुरु ४ निर्यास अर्थात् कपुर प्रमुख ज नना ५ पत्र अर्थात् जाति का तमाल पत्र, ६ पुष्प सो प्रियंगु वगैरह, और ७ फल सो जाति फल ककोलादि इन सब को काला प्रमुख पांच वर्ण से गुणा करने से ३५ होवे, उसे एक गंध से गुणने से ३५ ही रहे इसे पांच रस से गुणने से १७५ होवे फीर इसे मृदु, लघु, शीत व रुक्ष ऐसे चार

सूत्र

पण्णत्ता ॥ ११ ॥ कइण भंते ! पुप्फ जाई कुलकोडी जोणिपमुह सय सहस्सा पण्णत्ता ? गोयमा ! सोलस पुप्फ जाइ कुलकोडी जोणीपमुह सयसहस्सा पण्णत्ता तंजहा चत्तारिजलयराण, चत्तारिथलयराण, चत्तारि महारुक्खाण, चत्तारि महा गुम्मियाण ॥ १२ ॥ कइण भंते ! वल्लीउ कइवल्लीसया पण्णत्ता ? गोयमा ! चत्तारिवल्लीउ चत्तारिवल्लिसया पण्णत्ता ॥ १३ ॥ कइण भंते ! लयाउ कइलयसय. पण्णत्ता ? गोयमा ! अट्ठलयाउ अट्ठलयसया पण्णत्ता ॥ १४ ॥ कइण भंते !

अर्थ

स्पर्श से गुणने से ७०० होवे हैं यों सात सो गंधांग हुवे ॥ ११ ॥ अहो भगवन् ! पुष्प जाति की कुल कोड कितनी कही ? अहो गौतम ! सोलह लाख कुल कोड कही जिस में चार लाख जल में उत्पन्न होवे सो, चार लाख स्थल में उत्पन्न होवे सो, चार लाख महुडे प्रमुख महा वृक्ष के और चार लाख जाइ प्रमुख महा गुल्म के ॥१२॥ अहो भगवन् ! वल्लियों की कितनी जाति कही और वल्लीशत कितने कहे है ? अहो गौतम! चार जाति की वल्ली चार वल्लीशत ॥१३॥ अहो भगवन् ! कितनी लताओं व कितनी लताशत कही हैं ? अहो गौतम ! आठ लता व आठ लताशत कही ॥ १४ ॥ अहो भगवन् ! कितनी हरिकाय व कितनी हरिकाय शत कही है ? अहो गौतम ! तीन हरितकाय व तीन हरितकायशत जानना एक २ के अवांतर सो २ भेद से तीन के तीन सो भेद होते हैं वृत से बंधे हुए के हजारों फल वृंताक प्रमुख और नाल स

वीईवइज्जा अत्थेगइय विमाण नो वीईवइज्जा ए महालयाण ? गोयमा ! ते विमाणा पण्णत्ता ॥ १६ ॥ अत्थिण भंते ! विमाणाइ अच्चीणि अच्चिरावत्ताइ तहेव जाव अच्चुत्तर वडिंसकाइ ? हंता अत्थि ॥ तेविमाणा के महालया पण्णत्ता ? गोयमा ! एव जहा सोत्थिणी णवर एव इयाइ पंचउवासंतराइ अत्थेगइयस्स देवस्स एके विक्कमे सिया सेस तचेव ॥ १७ ॥ अत्थिण भंते ! विमाणाइ कामाइ कामवत्ताइ जाव कामुत्तर विडंसगाइ ? हंता अत्थि ॥ तेण भंते ! विमाणा के महालया पण्णत्ता?

एक दिन, दो दिन तीन दिन उत्कृष्ट छ मास में कितनेक विमान को वे उल्लंघ सकते हैं और कितनेक विमान को नहीं उल्लंघ सकते हैं अहो गौतम ! इतने बडे विमान कहे हैं ॥ १६ ॥ अहो भगवन् ! अर्चि, अर्चिआवर्त यावत् अर्चिरावतंस विमान हैं ? अहो गौतम ! वैसे हैं अहो भगवन् ! य विमान कितने बडे कहे हैं ? अहो गौतम ! वे विमान स्वस्तिक विमान जैसे जानना परंतु इस में पांच आकाशांतर जितना क्षेत्र बनाना ऐसा एक देवता का विक्रम होवे ॥ १७ ॥ अहो भगवन् ! काम, कामावर्त यावत् कामोत्तरावतंसक नामक विमान क्या हैं ? अहो गौतम ! वैसे ही विमानों हैं अहो भगवन् ! वे विमान कितने बडे कहे हैं ? अहो गौतम ! जैसे स्वस्तिक विमान का कहा वैसे ही जानना परंतु इस में सात

गोयमा ! जहा सोत्थीणि नवर सत्तउवासतराइ विक्कमे सेस तहेव ॥ १८ ॥ अत्थिण भते ! विमाणाइ विजयाइ वेजयताइ जयताइ अपराइयाइ ? हता अत्थि ॥ तण भते ! विमाणा के महालया ? गोयमा ! जावतिय सूरिए उदेइ, एवइयाइ नव उवासतराइ सेस तचेव, नो चेवण ते विमाणा वीईवइज्जा एमहालयाण विमाणा पण्णत्ता समणाउसो ! तिरिक्खजोणिय पढमो उद्देसउ सम्मत्तो ॥ ४ ॥ १ ॥

कइविहाण भत ! ससार समावन्नगा जीवा पण्णत्ता ? गोयमा ! छविहा ससार समावन्नगा जीवा पण्णत्ता तजहा—पुढवी काइया, जाव तसकाइया ॥१॥ सेकिं

अवकाशांतर करना इतना देवता का विक्रम यहां जानना ॥ १८ ॥ अहो भगवन् ! विजय, वैजयत जयत, अपराजित क्या विमानों हैं ? अहो गौतम ! वे विमानों हैं अहो भगवन् ! वे कितने बडे कहे हैं ? अहो गौतम ! स्वास्तिक विमान जैसे जानना परतु इस में नव अवकाशांतर जितना क्षेत्र बनाना इतना देवता का विक्रम जानना परतु किसी भी विमान को उल्लघ नहीं कर सकते है + यह तिर्यंच योनीक जीवों का पहिला उद्देशा हुवा ॥ ४ ॥ १ ॥

अहो भगवन् ! ससार समापन्नक जीव के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! छ प्रकार के संसार,

+ विमानों पृथ्वीकाया के बने हुए हैं इस से इन का कथन भी इस उद्देशे में किया है

पुढवी, खरपुढवी ॥ ४ ॥ सण्हपुढवीण भंते ! केवइय काल ठिई पण्णत्ता ? गोयमा ! जहन्नण अंतोमुहुत्त उक्कोसेण एग वाससहस्स ॥ सुद्धपुढवी पुच्छा ? गोयमा ! जहण्णेण अंतोमुहुत्त उक्कोसेण बारसवाससहस्सा ! वालुयापुढवी पुच्छा ? गोयमा ! जहण्णेण अंतोमुहुत्त उक्कोसेण चउदसवास सहस्सा ॥ मणोसिलापुढवीए-पुच्छा ? गोयमा ! जहन्नण अंतोमुहुत्त उक्कोसेण सोलसवास सहस्साइ ॥ सक्करा-पुढवी पुच्छा? गोयमा! जहण्णेण अंतोमुहुत्तं उक्कोसेण अट्ठारस वास सहस्साइ ॥ खर पुढवि पुच्छा ? गोयमा ! जहन्नण अंतोमुहुत्त उक्कोसेण बावीस वास सहस्साइं

२ शुद्ध पृथ्वी, ३ वालुक पृथ्वी, ४ मनःशिला पृथ्वी, ५ शर्कर पृथ्वी और ६ खर पृथ्वी ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! सूक्ष्म पृथ्वी की कितनी स्थिति कही ? अहो गौतम ! जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट एक हजार वर्ष की, शुद्ध पृथ्वी की पृच्छा ? जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट बारह हजार वर्ष वालुक पृथ्वी की पृच्छा ? अहो गौतम ! जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट चउदह हजार वर्ष, मन शिला पृथ्वी की पृच्छा, ? अहो गौतम ! जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट सोलह हजार वर्ष शर्कर पृथ्वी की पृच्छा ? अहो गौतम ! जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट अठारह हजार वर्ष की, खर पृथ्वी की पृच्छा ? अहो गौतम ! जघन्य अंतर्मुहूर्त उत्कृष्ट बावीस हजार वर्ष की

॥ ५ ॥ नेरइयाण भंते ! केवइयं कालं ठिई पण्णत्ता ? गोयमा ! जहण्णेणं दस वाससहस्साइं उक्कोसेणं तेत्तीसं सागरोवमाइं ठिई, एवं सव्वं भाणियव्वं जाव सव्वट्ठसिद्ध देवति ॥ ६ ॥ जीवेणं भंते ! जीवेति कालओ केवच्चिरं होति ? गोयमा ! सव्वद्धा ॥ ७ ॥ पुढविकाइएणं भंते ! पुढविकाइएत्ति कालओ केवच्चिरं होइ ? गोयमा ! सव्वद्धं एवं जाव तसकाइए ॥ ८ ॥ पडुप्पन्न पुढविकाइयाणं भंते ! केवति कालस्स निल्लेवा सिया ? गोयमा ! जहण्णपदे असंखेज्जाहिं उस्सप्पिणि ओसप्पिणीहिं उक्कोसपए असंखेज्जाहिं ओसप्पिणि उस्सप्पिणीहिं, जहण्णपदातो उक्कोसपदं असंखेज्जगुणा, एवं जाव पडुप्पन्न वाउका-

है ॥ ५ ॥ अहो भगवन् ! नारकी की कितनी स्थिति कही है ? अहो गौतम ! जघन्य दश हजार वर्ष उत्कृष्ट तेत्तीस सागरोपम की स्थिति कही है यों सर्वार्थ सिद्ध पर्यंत सब की स्थिति कहना ॥ ६ ॥ अहो भगवन् ! जीव जीवपने कितना काल तक रहता है ? अहो गौतम ! जीव जीवपने सदैव रहता है ॥ ७ ॥ अहो भगवन् ! पृथ्वीकाया पृथ्वीकायपने कितने काल तक रहती है ? अहो गौतम ! सदैव रहता है यों त्रस काया पर्यंत जानना ॥ ८ ॥ अहो भगवन् ! तत्काल के उत्पन्न हुवे पृथ्वीकायिक सार कितने काल में निर्लेप होवे ? अहो गौतम ! समय २ में एक २ जीव निकाले तो जघन्य तथा उत्कृष्ट पद से असंख्यात अवसर्पिणी उत्सर्पिणी व्यतीत हो जावे तो भी उन जीवों का अंत नहीं होता है ऐसेही अप्

इया॥पडुप्पन्न वणस्सति काइयाण भंते! केवति कालस्स निल्लेवा सिता? गोयमा! पडुप्पण्ण वणप्फइकाइया जहण्णपदे अपदा उक्कोसपदे अपदा, पडुप्पण्ण वणस्सति काइयाण नत्थि निल्लेवणा ॥ पडुप्पन्न तसकाइयाण पुच्छा ? गोयमा ! जहण्णपए सागरोपम सहस्स पुहुत्तस्स उक्कोसपदे सागरोपमस्स पुहुत्तस्स जहण्णपया उक्कोसपए विसेसाहिया ॥ १ ॥ अविसुद्ध लस्सेण भंते ! अणगारे असमोहएण अप्पाणेण अविसुद्धलेस्स देवं देविं अणगारं जाणइ पासइ ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ॥ अविसुद्धले सेण भंते ! अणगारे असमोहएण अप्पाणेण विसुद्धलेस्स देवं देविं अणगारं जाणइ

काया तेउकाया व वायुकाया का जानना अहो भगवन् ! तत्काल के उत्पन्न हुए वनस्पतिकाया कितने काल में निर्लेप होवे ? अहो गौतम ! वे कदापि निर्लेप नहीं होते हैं क्योंकि वे अनंत हैं अहो भगवन् ! तत्काल के उत्पन्न हुए त्रस काया के जीवों कितने काल में निर्लेप होते हैं ? अहो गौतम ! जघन्य पद से प्रत्येक हजार सागरोपम उत्कृष्ट पद से दश सो सागरोपम पृथक्त्व में निर्लेप होवे ॥ १ ॥ यह भाव के ज्ञान अनगार होने से अनगार का प्रश्न करते हैं १ अहो भगवन् ! अशुद्ध लेश्या (कृष्ण, नील व कापोत) वाला अनगार वेदनादि समुद्घात से रहित अपने ज्ञान से अशुद्ध लेश्यावाले देव व देवी को क्या जाने देखे ? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं २ अहो भगवन् ! वेदनादि समुद्घात

पासइ ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ॥ अविसुद्धलेस्सेणं भंते ! अणगारे समोहएणं अप्पाणेणं अविसुद्धलेस्सं देवदेविं अणगारं जाणइ पासइ ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ॥ अविसुद्धलेस्सेणं भंते ! अणगारे समोहएणं अप्पाणेणं विसुद्धलेस्सं देवदेविं अणगारं जाणइ पासइ ? गोयमा ! णो इणट्ठे समट्ठे ॥ अविसुद्धलेस्सेणं भंते ! अणगारे समोहयासमोहएणं अप्पाणेणं अविसुद्धलेस्सं देवदेविं अणगारं जाणइ पासइ ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ॥ अविसुद्धलेस्सेणं भंते ! अणगारे समोहयासमोहएणं विसुद्धलेस्सं देवदेविं अणगारं जाणइ पासइ ? गोयमा!

अर्थ

रहित अविशुद्ध लेश्यावाला अनगार विशुद्ध लेश्यावाला देव तथा देवी को अपने ज्ञान से क्या जाने देखे? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ३ अहो भगवन् ! वेदनादि समुद्घात सहित अविशुद्ध लेश्यावाला अनगार अविशुद्ध लेश्यावाला देव व देवी को क्या जाने देखे ? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है, ४ अहो भगवन् ! वेदनादि समुद्घात सहित अविशुद्ध लेश्यावाला अनगार अपने ज्ञान से विशुद्ध लेश्या-वाले देव व देवी को क्या जाने देखे ? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ५ अहो भगवन् ! अविशुद्ध लेश्यावाला अनगार वेदनादि समुद्घात से सहित अथवा रहित अविशुद्ध लेश्या वाले देव अथवा देवी को क्या जाने देखे ? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं है ६ अहो भगवन् ! वेदनादि समुद्घात रहित

इया॥पडुप्पन्न वणस्सति काइयाण भंते! केवति कालस्स निल्लेवा सिता? गोयमा! पडुप्पण्ण वणप्फइकाइया जहण्णपदे अपदा उक्कोसपदे अपदा, पडुप्पण्ण वणस्सति काइयाण नत्थि निल्लेवणा ॥ पडुप्पन्न तसकाइयाण पुच्छा ? गोयमा ! जहण्णपए सागरोपम सहस्स पुहुत्तस्स उक्कोसपदे सागरोपमस्स पुहुत्तस्स जहन्नपया उक्कोसपए विसेसाहिया ॥ १ ॥ अविसुद्ध लस्सेण भंते ! अणगारे असमोहएण अप्पाणेण अविसुद्धलेस्स देवं देविं अणगारिं जाणइ पासइ ? गोयमा ! नो इणट्ठे समट्ठे ॥ अविसुद्धले सेण भंते ! अणगारे असमोहएण अप्पाणेण विसुद्धलेस्स देवं देविं अणगारे जाणइ

काया तेउकाया व वायुकाया का जानना अहो भगवन् ! तत्काल के उत्पन्न हुए वनस्पतिकाया कितने काल में निर्लेप होवे ? अहो गौतम ! वे कदापि निर्लेप नहीं होते हैं क्योंकि वे अनंत हैं अहो भगवन् ! तत्काल के उत्पन्न हुए त्रस काया के जीवों कितने काल में निर्लेप होते हैं ? अहो गौतम ! जघन्य पद से प्रत्येक हजार सागरोपम उत्कृष्ट पद से दश सो सागरोपम पृथक्त्व में निर्लेप होवे ॥ १ ॥ यह भाव के ज्ञान अनगार होने से अनगार का प्रश्न करते हैं १ अहो भगवन् ! अशुद्ध लेश्या (कृष्ण, नील व कापोत) वाला अनगार वेदनादि समुद्घात से रहित अपने ज्ञान से अशुद्ध लेश्यावाले देव व देवी को क्या जाने देखे ? अहो गौतम ! यह अर्थ समर्थ नहीं २ अहो भगवन् ! वेदनादि समुद्घात

सूत्र

किरिय पकरेइ, सम्मत्तकिरिया पकरेणयाए मिच्छत्त किरिय पकरेइ, मिच्छत्त किरिया पकरेणयाए समत्त किरिय पकरेइ एवं खलु एगे जीवे एगेण समएण दोकिरियाओ पकरेइ तजहा-सम्मत्त किरिय मिच्छत्त किरिय, से कहमेयं भंते ! एवं ? गोयमा ! जण्णं ते अन्नउत्थिया एवं माइक्खति एवं भासति एवं पन्नवेंति एवं परूवेंति एवं खलु एगेण समएण दोकिरियाओ पकरेइ तहेव जाव सम्मत्त किरियच मिच्छत्त किरियच जेतेएवं माहसु तण्णमिच्छा, अहं पुण गोयमा ! एवं माइक्खामि जाव परूवेमि एवं खलु एगे जीवे एगेण समएण एग किरिय पकरेइ तजहा-सम्मत्तकिरियंवा मिच्छत्त-

अर्थ

क्रिया करता है उस समय में मिथ्यात्व की क्रिया करता है, और जिस समय में मिथ्यात्व की क्रिया करता है उस समय में सम्यक्त्व की क्रिया करता है सम्यक्त्व की क्रिया करते हुवे, मिथ्यात्व की क्रिया करता है और मिथ्यात्व की क्रिया करते हुए सम्यक्त्व की क्रिया करता है इस तरह एक समय में एक जीव दो क्रिया करता है सो अहो भगवन् ! यह किस तरह है ? अहो गौतम ! जो अन्य तीर्थिक ऐसा कहते हैं यावत् प्ररूपते हैं कि एक समय में एक जीव सम्यक् व मिथ्या ऐसी दो क्रिया करता है उन का कथन मिथ्या है अहो गौतम ! उस कथन को मैं इस प्रकार कहता हूं यावत् प्ररूपता हूं कि एक समय में एक जीव एक ही क्रिया करता है इयथा-सम्यक् क्रिया अथवा मिथ्या क्रिया जिस समय

नो इणट्ठे समट्ठे ॥ विसुद्धलेस्सेण भंते ! अणगारे असमोहतेण अप्पाणेण अविसुद्ध लेस्सं देवं देविं अणगारं जाणइ पासइ ? हंता जाणइ पासइ, जहा अविसुद्धलेस्सेण छ आलावगा एवं विसुद्धलेस्सेणवि छ आलावगा भाणियव्वा जाव विसुद्धलेस्सेण भंते ! अणगारे समोहयासमोहएण अप्पाणेण विसुद्धलेस्सं देवं देविं अणगारं जाणइ पासइ ? हंता जाणइ पासइ ॥ १० ॥ अन्नउत्थियाण भंते ! एवमाइक्खइ एवं भासेइ, एवं पन्नवेइ, एवं परूवेइ, एवं खलु एगे जीवे एगेणं समएणं दोकिरियाओ पकरेइ तंजहा सम्मत्त किरियंच मिच्छत्त किरियंच, जं समयं सम्मत्त किरियं पकरेइ तं समयं मिच्छत्त किरियं पकरेइ, जं समयं मिच्छत्त किरियं पकरेइ तं समयं सम्मत्त

अथवा सं इन अविशुद्ध लेश्यावाला अनगार विशुद्ध लेश्यावाले देव अथवा देवी को क्या जाने अथवा देखे? अहो गौतम! यह अर्थ समर्थ नहीं है अब विशुद्ध लेश्या (तेजो पद्म शुक्ल) का कहते हैं अहो भगवन्! विशुद्ध लेश्यावाला अनगार वेदना आदि समुद्घात रहित अपने आत्मा से विशुद्ध लेश्यावाले देव अथवा देवी को क्या जाने देखे? हां गौतम! वैसे जाने व देखे यों जैसे अविशुद्ध लेश्या के छ आलापक कहे वैसे विशुद्ध लेश्या के छ आलापक जानना ॥ १० ॥ अहो भगवन् ! कितनेक अन्यतीर्थी ऐसा कहते हैं, यावत् प्ररूपते हैं कि एक जीव एक समय में दो क्रिया करता है यथा—सम्यक् क्रिया व मिथ्या क्रिया, जिस समय में सम्यक्त्व की

सूत्र

॥ १ ॥ कहिण भंते ! समुच्छिम मणुस्सा समुच्छांति ? गोयमा ! अंतो मणुयखेत्ते जहा पण्णवणाए जाव सेत्त समुच्छिम मणुस्सा॥२॥ से किंत गब्भवक्कंतिय मणुस्सा ? गब्भवक्कंतिय मणुस्सा तिविहा पण्णत्ता तंजहा—कम्मभूमगा अकम्मभूमगा अंतरदीवगा ॥ ३ ॥ सेकिंत अंतरदीवगा ? अंतरदीवगा अट्ठावीसविहा पण्णत्ता तंजहा एगरुआ, आभासिया, वसाणिया, णंगोली, हयकण्णगा, आयसमुहा, आसमुहा, आसकण्णगा, उक्कामुहा, घणदंता, जाव सुद्धदंता ॥ ४ ॥ कहिण्णं भंते !

अर्थ

कहे हैं ! संमूर्च्छिम मनुष्य एक रूप ही है ॥ १ ॥ अहो भगवन् ! संमूर्च्छिम मनुष्य कहां उत्पन्न होवे हैं ? अहो गौतम ! जैसे पन्नवणा में संमूर्च्छिम मनुष्य का अधिकार कहा वैसा ही यहां जानना यावत् यह संमूर्च्छिम मनुष्य का कथन हुआ ॥ २ ॥ अहो भगवन् ! गर्भज मनुष्य के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! गर्भज मनुष्य के तीन भेद कहे हैं कर्मभूमि के, अकर्मभूमि के व अंतरद्वीप के ॥ ३ ॥ उस में अंतरद्वीप के कितने भेद कहे हैं ? अंतरद्वीप के अट्ठाइस भेद कहे हैं १ एक रूक, २ आभासिक, ३ वेसाणिक, ४ नांगोलिक, ५ हयकर्ण, ६ आयसमुख, ७ आसकर्ण, ८ उल्कामुख, ९ घनदंत यावत् शुद्धदंत ॥ ४ ॥ अहो भगवन् ! दक्षिण दिशा के एक रूक मनुष्य का एक रूक द्वीप कहां कहा है ?

किरियत्रा, ज समय सम्मत्तकिरिय पकरेइ णो त समयमिच्छत्तकिरिय पकरेइ, ज समय मिच्छत्तकिरिय पकरेइ नो त समय सम्मत्तकिरिय पकरेइ, सम्मत्तकिरिया पकरणत्ताए नो मिच्छत्त किरिय पकरेति, मिच्छत्तकिरिया पकरणत्ताए नो सम्मत्त किरिय पकरेति, एव खलु एगे जीवे एगेण समएण एग किरिय पकरेइ तजहा- सम्मत्तकिरिय वा मिच्छत्तकिरियवा ॥ सेत्त तिरिक्खजोणी तउद्देसउबीओ ॥ ४ ॥ २ ॥ सेकिंत मणुस्सा? मणुस्सा दुविहा पण्णत्ता तजहा—समुच्छिम मणुस्साय गब्भवक्कंतिय मणुस्साय ॥ सेकिंत समुच्छिम मणुस्सा ? समुच्छिम मणुस्सा एगागारा पण्णत्ता

सम्यक् क्रिया करता है उस समय मिथ्या क्रिया नहीं करता है और जिस समय मिथ्या क्रिया करता है उस समय सम्यक् क्रिया नहीं करता है सम्यक् क्रिया करने में मिथ्या क्रिया का अभाव है और मिथ्या क्रिया करने में सम्यक् क्रिया का अभाव है इस तरह एक जीव एक समय में एक ही क्रिया करता है यथा—सम्यक् क्रिया अथवा मिथ्या क्रिया यह तिर्यंच का दूसरा उद्देशा पूर्ण हुवा॥४॥२॥

अब मनुष्य का अधिकार कहते हैं अहो भगवन् ! मनुष्य के कितने भेद कहे हैं ? अहो गौतम ! मनुष्य के दो भेद कहे हैं समूर्च्छिम मनुष्य व गर्भज मनुष्य इन में समूर्च्छिम मनुष्य के कितने भेद

वणसडेण सव्वओ समता सपरिक्खित्ता ॥ सेणं वणसंडे देसूणाइ दो जोयणाइ चक्कवाल विक्खभेण वेइया समए परिक्खेवेण पन्नत्ते ॥ सेण वणसडे किण्हे किण्हो भासे एव जहा रायपसेणइज्जे, वणसडवन्नउ तहेव निरविसेस भाणियव्वं ॥ तणाणय वन्नगधफासो सद्दो, तणाण वावीओप्पाय पव्वयगा, पुढविसिला पट्टगाय भाणियव्वा जाव तत्थण बहवे वाणमतरा देवाय देवीओय आसयति जाव विहरति ॥ ४ ॥ एगुरुय दीवस्सण दीवस्स अतो बहुसमरमणिज्जे भूमिभागे पन्नत्ते—से जहा नामए अलिंगपुक्खरेइवा, एव सयणीए भाणियव्वे जाव पुढवि सिलापट्टगाति तत्थण

वर्णन रायप्रसेणी सूत्र से जानना इस प्रकार वेदिका को चारों तरफ जो वनखण्ड रहा हुवा है वह दो योजन में कुच्छ कम गोलाकार चौडाइ में है यह वनखण्ड कृष्ण वर्णवाला कृष्णाभासवाला यों इस का सब कथन रायप्रसेणी सूत्र से जानना तृण व मणिका वर्ण, गंध, रस व स्पर्श वैसे ही वावडियों, पर्वत, व पृथ्वी शिलापट्ट सब कहना वहां अनेक वाणव्यंतर देव व देवियों बैठते हैं यावत् विचरते हैं ॥४॥ उस एकरूप द्वीप की अंदर बहुत सम रमणीय भूमि भाग रहा हुवा है जैसे मृदंग का तल, यों वैयणा का कहना यावत् पृथ्वीशिलापट्ट का कहना उस में अनेक एकरूक द्वीप के मनुष्य व मनु-

दाहिणिल्लाणं एगरुयमणुस्साणं एगुरुयदीवेणाम दीवे पन्नत्ते ? गोयमा ! जंबूद्दीवे मंदरस्स पव्वयस्स दाहिणेणं चुल्लहिमवंतस्स वासहरपव्वयस्स उत्तरपुरत्थिमिल्लाओ चरिमंताओ लवणसमुद्दं तिण्णि जोयण सयाइं उगाहित्ता, एत्थणं दाहिणिल्लाणं एगुरुय मणुस्साणं एगुरुय दीवे नामदीवे पण्णत्ते, तिण्णिजोयण सयाइं आयाम विक्खंभेणं णवएकूणपण्णे जोयणसए किंचि विसेसूणे परिक्खेवेणं ॥ सेणं एगाए पउमवरं वेइयाए एगेणं वणसंडेणं सव्वओ समंता संपरिक्खित्ते ॥ सेणं पउमवर वेइया अद्धजोयणं उड्डुउच्चत्तेणं पंच धणुसयाइं विक्खंभेणं, एगुरूय दीवं समंता परिक्खेवेणं पन्नत्ता तीसेणं पउमवर वेइयाए अयमेयारूवे वन्नवासे पन्नत्ते तंजहा-वइरामयानिम्मा, एवं वेतिया, वन्नओ जहा रायपसेणइए जहा भाणियव्वा, सेणं पउमवर वेइया एगेणं

अहो गौतम ! इस जम्बूद्वीप के मेरु पर्वत से दक्षिण में चुल्लहिमवंत वर्षधर पर्वत को ईशानकून के चरिमांत से तीन सो योजन लवण समुद्र में जावे तब एकरूक नाम द्वीप रहा है यह तीन सो योजन का लम्बा चौडा है ९४९ योजन में कुच्छ कम की परिधि है उस की चारों तरफ एक पद्मवर वेदिका व एक वनखण्ड है यह पद्मवर वेदिका आधा योजन की ऊँची है, पांच सो धनुष्य की चौडी है और एकरूक द्वीप को चारों तरफ घेर कर रही हुई है यह पद्मवर वेदि का वर्ण स्वरूप है इत्यादि सब

सूत्र

खज्जूरीवणा णालिएरवणा कुसविकुस जाव चिट्ठति ॥ ७ ॥ एगरुय दीवेण तत्थ २ बहव तिलयालयआ नग्गोहा जाव रायरुक्खा णंदिरुक्खा कुसविकुस जाव चिट्ठति ॥ एगरुय दीवेण दीवे तत्थ बहुओ पउमलयाओ, नागलयाओ जाव सामलयाओ निच्चं कुसुमियाओ एवं लयावन्नओ जहा उववाइए जाव पडिरूवाओ ॥ एगुरुय दीवेण दीवे तत्थ बहवे सिरियगुम्मा जाव महा जाइगुम्मा तणगुम्मा दसद्धवन्न कुसुम कुसुमेंति जेण वायविहुलग्ग साला एगुरुयदीवस्स बहुसमरमणिज्ज भूमिभाग मुक्कपुप्फपुंजोवयारकलियं करेंति, एगुरुयदीवेण तत्थ २ बहुओ वणराईओ पन्नत्ताओ

अर्थ

व नालीयेरी के वन, पुष्प फलवाले यावत् रहे हुवे हैं ॥ ७ ॥ उस एकरुक द्वीप में बहुत तिलक वृक्ष के वन यावत् रायण नंदीवृक्षप्रमुख दर्भादिक से रहित पुष्प फल वाले, यावत् रहे हुवे हैं और भी वहां पद्मलता यावत् श्यामलता पुष्प फल वाली रही हुई है इस का वर्णन उववाई सूत्र में कहा वैसे जानना यावत् प्रतिरूप है, और भी वहां बहुत सिरिक वृक्ष के गुल्म यावत् महाजाति के गुल्म पांचों वर्ण के पुष्पों व फलों से फलित हुए हैं, वहां मंद वायु चलता है जिस से उस निर्मल वृक्षकी शाखा कंपायमान होती है उस से एकरुक द्वीप के बहुत मनोहर समभूमि भाग में पुष्प के समुह (ढग) होते हैं और भी

बहवे एगुरूय दीवया मणुस्साय मणुस्सीओय आसयति जाव विहरति ॥ ५ ॥ एगरूय दीवेण दीवे तत्थ २ देसे २ तहिं २ बहवे उद्दालका मोद्दालका कोद्दालका कतमाला नतमाला णट्टमाला सिंगमाला सखमाला दतमाला सेलमाला णाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो ! ॥ कुसविकुस विसुद्धरुक्खमूला मूलमतो कदमतो जाव बीयमतो, पत्तेहिय पुप्फेहिय अच्छन्न पडिच्छन्ना सिरिए अईव २ सोभेमाणा उवसोभेमाणा चिट्ठति ॥६॥ एगुरूय दीवेण दीवे तत्थ बहवे हेरुयालवणा, भेरुयालवणा मेरुयालवणा, सेरुयालवणा, सालवणा, सरलवणा, सत्तपण्णवणा पूयफलिवणा,

व्यणी बैठते हैं यावत् विचरते हैं ॥ ५ ॥ उस एकरूक द्वीप में बहुत उद्दालक मोद्दालक, कोद्दालक, कतमाल, नतमाल, नट्टमाल, सिंगमाल, शंखमाल, दंतमाल व शैलमाल नामक वृक्षों कहे हुवे हैं वे वृक्षों फल फुल से सहित हैं, उन के मूल शुद्ध हैं, दर्भादिक से रहित हैं, मूल, कंद यावत् बीज सहित हैं, पत्र पुष्प से आच्छादित बने हुए हैं, विशेष वृक्ष की शोभासे अती २ शोभते हुवे रहते हैं ॥ ६ ॥ उस एकरूप द्वीप में हेरुताल वनस्पति के वन, भेरुताल वनस्पति के वन, मेरुताल वनस्पति के वन, सेरुताल वनस्पति के वन, शाली के वृक्ष के वन, सरसव के वन, सोपारी के वन, आम्र के वन, खजुरी के वन

सूत्र

विसायण सुपक्क खोयरसवरसुरा वण्णरसगंधफासजुत्त ... बहुविहिह वीससा परिणयाए मज्जविहीए उववेया फलेहि पुण्णाविव विसट्टति, कुसविकुसविशुद्ध रुक्खमूला जाव चिट्ठति ॥ १ ॥ एगुरुय दीवे तत्थ बहवे भिंगगाणामदुमगणा पण्णत्ता समणाउसो! जहा से वारगघडकरग कलस कक्करि पायकंचणि उल्लूकवद्धणि सुपइट्ठकविट्ठा पारीचसगा भिंगारकरोडि सरग परगपत्ती थालमिल्लग चवलिय अयपलगवाल विचित्तवट्टकमणि

अर्थ

प्रकार से भरा रहते हैं. ऐसा मत्तांग वृक्ष का समुह है, वे अनेक प्रकार के मद्य स्वभाव से ही होते हैं, परिपाकपने परिणमते हैं, फल से परिपूर्ण रहते हैं अथवा फल पक्व होकर फूटे हो जाते हैं तब उस में से मद्य झरता है बहुत विस्तारवाले श्रेष्ठ व शुद्ध उस के मूल रहे हैं ऐसे वृक्षों वहां रहेहुए हैं यह पहिला मत्तांग कल्पवृक्ष का वर्णन हुआ ॥ २ ॥ अहो आयुष्यवंत श्रमणो! वहां बहुत प्रकार के भृंगारक नाम कल्प वृक्षों (भाजन के वृक्षों) हैं जैसे घट, बट, कलश, कक्करी, कंचनीका, उदकवर्धनी, सुप्रतिष्ठक, विष्टर, पारिचषक, भृंगार लोटा, करोडिक, सरक, भरक पात्री, थाल, मल्लक, चपलक, अपर, दकवारक, मणिपट्टक, शुक्तिक, थोरपिडका, कंचनमणि भाजन रत्नादिक मनोहर भाजनों होते हैं वे भाजनों सुवर्ण मणि रत्नों से विचित्र हैं जैसे इस क्षेत्र में पूर्वोक्त

ताओ वि समराईओ ... जाव ...

कूवाओ जाव महुरा गवघाण मुयताओ पासाइयाओ ॥ ८ ॥ एगुरुयदीवे तत्थ २ बहवे मत्तंगा नाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो ! जहा से चदप्पभमणि सिलागवर सीधु पवरवारुणि सुजायफल पुप्फचोयणिज्जा ससारबहुदव्वजुत्ति ससार काल सधय आसवमहुमे रगरिट्ठाभदुद्धजाइपसन्नेलगासताओ, खज्जुरमूदिया सारका

एकरुक द्वीप में बहुत वनश्रेणी है वे वनश्रेणि कृष्ण यावत् मनोहर है इस की महागंध समान शोभा है यावत् महागंध ध्वनि करने वाला, दर्शनीय, अभिरूप व प्रतिरूप है ॥ ८ ॥ अहो आयुष्यवंत श्रमणो ! वहां एकरुक नामक द्वीप में बहुत मातंग वृक्षों कहे हैं वे चंद्र प्रभादिक विविध प्रकार के मद्य, चंद्र जैसी कांति मणशिला जैसी कांति, प्रधान सिधु मद्य विशेष व प्रधान मदिरा वारुणी विशेष जैसे ही हैं अच्छे परिपक्व फल, पत्र व पुष्प निर्यास (रससार) उस में रहा हुआ है जिस में बहुत द्रव्यों का मीलन किया हुवा हो वैसे हैं, अपने२ समय में जहां जिस का अनुपान होवे वैसे आसव, (मदिरा विशेष) मधु मेरक (मद्य विशेष) रिष्टाभक व अरिष्ट रत्न जैसी कांति है, दुग्ध जैसी व जाति प्रसन्न मदिरा, खजुरी सार, द्राक्षसार, कपिशायन, अच्छी तरह परिपक्व हुवा इक्षुरस जैसे जो मदिरा प्रधान वर्ण गंध रस व स्पर्श हैं उस से युक्त है. बल व वीर्य रूप उस का परिणाम है, मद्य विधि युक्त है, बहुत

सूत्र

फदिया तिट्ठाणकरणसुद्धा, तहेव ते तुडियगावि दुमगणा अणेग बहुविह वीससा परिणताए ततवितत घण झुसिराए चउव्विहाए आतोज्जविहाए उववेया फलेहिं पुण्णाविव विसट्टति। कुसविकुस विसुद्ध रुक्खमूलाओ जाव चिट्ठति ॥ ११ ॥ एगरुय दीवे तत्थ बहवे दीवसिहाणाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो ! जहा से संझाविराग समए नवनिहिपतिणो दीविया चक्कवालचंद पभूय वट्टिपलितज्झणहिं विउज्जालिय तिमिर मद्दए कणगनिकर कुसुमिय पारिजाय घणप्पगासे, कंचण मणिरयण विमलमहरिह तवणिज्जुज्जलविचित्त दंडाहिं दीवियाहिं सहसा पज्जा-

अर्थ

वादित्र की जाति को प्राप्त करते हैं वैसे ही तुटितांग नामक कल्प वृक्षों तत, वितत, घन व झुषिर यों चारों प्रकार के वादित्र के गुणों से सहित हैं वे पूर्वोक्त वृक्ष पत्र पुष्प सहित परिपूर्ण हैं, उन के मूल शुद्ध हैं यह तीसरा तुटितांग नामक कल्प वृक्ष कहा ॥ ११ ॥ अहो आयुष्मन्त श्रमणो ! एकरूक द्वीप में अनेक प्रकार के दीपशिखा नामक वृक्षों कहे हुए हैं जैसे संध्या समय में नव निधान के स्वामी चक्रवर्ती राजा के यहां एक दीपक का चक्रवाल प्रकट करे कि जिस से अंधकार नष्ट हो जावे, उस की बत्ती बहुत बडी व तेल से परिपूर्ण होती है जिस का वर्ण कनक जैसा होता है, उस दीवी को बहु मूल्यवाले मणिरत्नों से जडित सुवर्ण का दंड होता है, ऐसी दीवी उत्तम होती है सदैव प्रकाश करती रहती है, रात्रि में तेजवंत मनोहर

तद्धकक्षिप्पिसारपिणय, कयग्गमणिरयणभत्ति विचित्तविभायणविहि बहुप्पगारा, तहेव तेसि भिगंगयावि दुमगणा अणेग बहुविविह वीससा परिणयाए भायण विहीए उववेया फलेहिं पुण्णा विवसिमट्टति, कुसविकुस जाव चिट्ठति ॥ १० ॥ एगरुय दीवेण तत्थ बहवे तुडियगानाम दुमगणा पन्नत्ता समणाउसो! जहा से आलिंग पणव दद्दर पडह डिंडिमा भंभा तहोरम्भ किणिय खरमुहि मुयंग संखिय परिछए पच्चगा परिवायणिज्ज मंसवुणीगो सुघोसनंदिघोस महतिकच्छ तिरिक्खमत कलोला कसाल तालक ससपरोड आते घावेधीये णिउण गंधव्व समय कुसलेहिं

भाजन होते हैं वैसे ही भृगार वृक्ष के समुह अनेक प्रकार के भाजन सहित हैं स्वभाव से परिणामित हैं, पुष्प फल से परिपूर्ण हैं, य वृक्ष पत्र पुष्पवाले यावत् मनोहर हैं यह दूसरा भृगांङ्ग कल्प वृक्ष का वर्णन हुआ ॥ १० ॥ अहो आयुष्मन् श्रमणो! उस एकरूक द्वीप में त्रुटितांग नामक कल्प वृक्ष के समुह हैं, जैसे आलिंगक नामक बड़ा वादिंत्र, लघुमादल, पणव, पडह, ददर करटी, डींडिम, भेरी, बड़ा भेरी, कणिका खरमुखी, मुरज, संख, परिलिय, परिवाइय, ससवन्सी, वीणा, धर्व, विपुवन, विघेव, मुपे या, वियवो तेवी, वीणावंसी, वीणा विसप शततन्त्री वीणा, रगसीका नामक बाजा, हस्तभाल, कास्यताल इनमें वादिंत्र के भेद कहे हैं—जैसे गायन विद्या में प्रवीण वादिंत्र बजाने आदि बाध्य व वंशरूप विद्युत—इसे

सूत्र

फलिया तिट्ठाणकरणसुद्धा, तहेव ते तुडियगावि दुमगणा अणेग बहुविह वीससा परिणताए ततवितत घण झूसिराए चउव्विहाए आतोज्जविहाए उववेया फलेहिं पुण्णाविव विसट्टंति। कुसविकुस विसुद्ध रुक्खमूलाओ जाव चिट्ठंति ॥ ११ ॥ एगरुय दीवे तत्थ बहवे दीवसिहाणाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो ! जहा से संझाविराग समए नवनिहिपतिणो दीविया चक्कवालचंद पभूय वट्टिपलितज्झणहिं विउज्जालिय तिमिर मद्दए कणगनिकर कुसुमिय पारिजाय घणप्पगासे कंचण मणिरयण विमलमहरिह तवणिज्जुज्जलविचित्त दंडाहिं दीवियाहिं सहसा पज्जा-

अर्थ

वादिंत्र की प्राप्ति को प्राप्त करते हैं वैसे ही तुटितांग नामक कल्प वृक्षों तत, वितत, ताल व शुषिर यों चारों प्रकार के वादिंत्र के गुणों से सहित हैं वे पूर्वोक्त वृक्ष पत्र पुष्प सहित परिपूर्ण हैं, उन के मूल शुद्ध हैं यह तीसरा तुटितांग नामक कल्प वृक्ष कहा ॥ ११ ॥ अहो आयुष्मन्त श्रमणो ! एकरूक द्वीप में अनेक प्रकार के दीपशिखा नामक वृक्षों कहे हुए हैं जैसे संध्या समय में नव निधान के स्वामी चक्रवर्ती राजा के वहां एक दीपक का चक्रवाल प्रकट करे कि जिस से अंधकार नष्ट हो जावे उस की बत्ती बहुत जाडी व तैल से परिपूर्ण होती है शिवा का वर्ण कनक जैसा होता है, उस दीवी को बहु मूल्यवाले मणिरत्नों से जडित सुवर्ण का दंड होता है, ऐसी दीवी उच्चम होती है सदैव प्रकाश करती रहती है, रात्रि में उसमें मनोहर

ल्लिठस विधमिंद तयदिप्पताविमल गहगण समय प्पदाहिं वितिमिरकरवसूर पसरि उज्जोयविल्लियाहिं जालाउज्जलपहसियाभिरामाहिं सोभमाणाहिं सोभमाणा, तहेव ते दीवसिहावि दुमगणा अणेग बहुविविह वीससा परिणयाए उज्जोयविहीएओ उववेया फलाहिं कुसविकुसजाव चिट्ठंति ॥ १२ ॥ एगुरुयदीवे तत्थ २ बहवे जोइसिया नाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो ! जहासे अचिरुग्गय सरयसूर मंडल पडत उक्का सहस्स दिप्पतविज्जुज्जल हुयवह निद्धूमजालिय निद्धंतधोय तत्ततवणिज्जकिंसुया

देदीप्यमान तेज होता है, निर्मल ग्रह चंद्र जैसी उस की कांति होती है, अंधकार को नष्ट करनेवाले सूर्य के किरण समान उद्योत करनेवाली होती है, उन दीपों की ज्योति में श्वेत प्रकाशित विस्तारयुक्त मनोहर शोभनिक कांति प्रसरती है इस तरह की कांतिवाले दीपशिखावाले व अनेक विविध प्रकार से उद्योत करनेवाले वृक्षों फलपूर्ण पत्र पुष्प सहित रहे हुए हैं यह दीप शिखा नामक कल्पवृक्ष का कथन हुआ ॥ १२ ॥ अहो आयुष्यवन्त श्रमणों ! एकरुक दीप में बहुत ज्योतिषी के वृक्ष कहे हैं जैसे तत्काल का उदित हुआ शरदऋतु का सहस्र किरणों से देदीप्यमान सूर्य, विद्युत का चमत्कार, निर्धूम अग्नि, आग से तप्त किया हुआ सुवर्ण, किंशुक वृक्ष के पुष्प, अशोक वृक्ष के पुष्प, जपा वृक्ष के

सूत्र

संगजासुमण कुसुमविमउलियपुंज मणिरयणकिरण जवाहिंगुलय तिरयरुवाइरेगरुवा, तहेव तजातिसिहाविदुमगणा अणगवहु विविह वीससा परिणयाए उज्जोयविहाए उवबेया, सुहलेसा मंदलेसा मंदातवलेसा कूडाट्ठाणट्ठिया, अण्णोण्णसमोगाढाहिं लेसाहिं सएरभाए तेएएमे सव्वओसमताओ भासति उज्जोवति पभासति कुसविकुसवि जाव चिट्ठति ॥ १२ ॥एगुरुयदीवे तत्थ २ बहवे चित्तगानामए दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो ।जहा से पेच्छाघरेव्व चितरामेव कुसुमदाममाला कुज्जललेसा भासत मुक्कपुप्फ पुजावयार किलिए विरल्लिय विचित्तमल्लसिरि समुदयपगाब्भे गथिम वेढिम पूरिम

अर्थ

पुष्प, विकसित पुष्पों का समूह, मणिरत्न के कीरण, जातवंत हिंगुल का समूह इन सब के रूप से अधिक रूप वाले ज्योतिष वृक्ष के समूह अनेक विविधाके उद्योत सहित शुभ व मंद लेश्या वाले कहे हैं इन का स्थान कूटाकार है परस्पर लेश्या के मेद रहे हुवे हैं, लेश्या के प्रवेश से सब दिशि में शोभते हैं उद्योत करते हैं कांति बढाते हैं, यावत् पुष्प फल से शोभनिक व मनोहर हैं यह ज्योतिष कल्प वृक्ष का कथन हुवा ॥ १२ ॥ अहो आयुष्यवंत श्रमणों ! एक रूक द्वीप में बहुत प्रकार के चित्रांगक नामक कल्पवृक्षों के समूह हैं जैसे प्रेक्षागृह विचित्र मनोहर उत्तम पुष्प की मालाओं से संयुक्त, देदीप्यमान, व उज्ज्वल है, विकसित पांच वर्ण के पुष्पों के पुंज सहित हैं, विविध पुष्प व माला से सहित है, ग्रथीप, वेढिम,

सपयमेण मल्लण छेयसिप्पियं विभागरइएण सव्वओसमता चेव समणुबद्धे अविरल लंबत विप्पइट्ठेहिं पंचवन्नेहिं कुसुमदामेहिं सोभमाणा वनमालकतग्गए चेव दिप्पमाणे, तहेव ते चित्तगयाविदुमगणा, अणेगबहुविविहवीससा परिणयाए मल्लविहीए उववेया कुसविकुसविसुद्ध जाव चिट्ठंति ॥१४॥ एगोरुयदीवे तत्थ २ बहवे चित्तरसा नाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो जहा से सुगंधवरकलमसालितंदुलविसिट्ठणिरुवयदुद्धरद्धे सारयघयगुडखंडमहुमेलिए अइरसे परमन्ने होज्ज तमेगवन्नगंधमंतेरण्णो जहा वा वि

पूर्वोक्त, व सपाटीय यों चार प्रकार से निपजा सब दिशाओं में विभाग करके अविरलपने लंबमान अव्वर रहित पांच वर्ण के पुष्पों की माला से भी शोभायमान है व वनमालाओं से उस के द्वार शोभनीक बन हुवे होते हैं वैसे ही यह चित्रांग वृक्ष का समुह अनेक प्रकार के स्वभाव से परिणमा हुवा है पुष्प व पुष्पमाला के गुणों से सहित है, वे वृक्ष यावत् फल फूल वाले रहते हैं यह चित्रांग नाम वृक्ष का कथन हुवा ॥१४॥ अहो आयुष्यवन्त श्रमणो ! इस एकरुक द्वीप में चित्ररस नाम वृक्ष कहे हुवे हैं जैसे इस क्षेत्र में उत्तम शालि धान्य के चांवल को गाय के दुध में पकाकर उस में घृत, व शक्कर डालने से वह खीर बने, गव व रस से रसवन्त बनती है, पसे ही ७ खण्ड का स्वामी चक्रवर्ती के लिये रसोई बनाने में निपुण पुरुषों रस

सूत्र

चक्कवट्टिसहोज्ज्वा निउणेहिं सूयपुरिसेहिं, सज्जिए चाउरकप्प सेयासितेव उदणे कलमसालि णिव्वत्तिए विसक्के सेवप्फमिउ विसय सगलसित्थे अणेगसालणग संजुत्ते अहवा पडिपुण्ण दव्वुवक्खड सुसक्कए वण्णगंधरसफासजुत्त बलविरिय परिणामे इंदियबलवद्धणे खुप्पिवासा महणे पहाणगुलकढिय खडमच्छंडिउवणीयव्वमोयगे, सण्हसमितिगब्भ हवेज्जा, परमइट्ठगसंजुत्ते, तहव ते चित्तरसा वि दुमगणा अणेग बहुविविह वीससा परिणयाए भायणविहीए उववेया कुसविकुस जाव चिट्ठति ॥ १५ ॥ एगुरुयदीवेण तत्थ २ बहवे मणियगा नाम दुमगणा पण्णत्ता समणाउसो! जहा से हारद्धहार वट्टणग

अर्थ

